रजिस्ट्री सं० डी- 111 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 24] नई दिल्ली, शनिवार, जून 16, 1973 (ज्येष्ठ 26, 1895)
No. 24] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 16, 1973 (JYAISTHA 26, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 2 फरवरी 1973 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 2nd February 1973 :—

अंक Issue	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject

—शून्य—
—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां नियंत्रक प्रकाशन, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र नियंत्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	587
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	913
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	665
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1173
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	2129
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	187
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1051
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	277
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	31
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1569
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	107
पूरक संख्या 24—	
9 जून, 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	759
19 मई, 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु-सम्बन्धी आंकड़े	767

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	587
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	913
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence.	665
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (Other than the Administrations of Union Territories	1173
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	2129
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	187
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1051
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	277
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	31
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1569
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	107
SUPPLEMENT No. 24	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 9th June, 1973	759
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 19th May, 1973	767

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1973

सं० 36-प्रेज/73—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान किये जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री पाती राम,
ग्राम पाल-का-पुरा,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश।

28 अगस्त 1971 को यह खबर मिली कि डाकू मोतिया कोड़ी का गिरोह मध्य प्रदेश के जोन्हा ग्राम में किसी का अपहरण करने वाला है तो एक योजना तैयार की गई, जिसके अनुसार पुलिस दल को गांव की कंदराओं की ओर से घेराबंदी करनी थी। छः ग्रामीणों तथा कुछ पुलिस वालों का एक दल इस गांव में भेजा गया। वे ग्रामीणों के भेष में उस गांव में पहुंचे और गांव में डाकुओं के आने की प्रतीक्षा करने लगे। डाकुओं का गिरोह जब लगभग 1900 बजे गांव की वाह्य सीमा पर पहुंचा तो यह दल डाकुओं का सामना करने के लिए चल पड़ा। कुछ समय पश्चात डाकुओं को खतरे का कुछ आभास हुआ। वे वापस जाने ही वाले थे कि वह दल उन पर टूट पड़ा और गुथ्मगुथ्था शुरू हो गई। जब गिरोह के लोग डाकुओं को काबू करने की कोशिश कर रहे थे तो डाकुओं गिरोह के नेता मोतिया कोड़ी ने मोर्चा जमा लिया और अपनी स्टेन गन से गोलीबारी शुरू करने ही वाला था कि श्री पाती राम ने डाकुओं को देख लिया और वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए उस पर झपट पड़े। इस गुथ्मगुथ्था में डाकू गोली का शिकार हो गया। इस मुठभेड़ के दौरान एक और डाकू भी मारा गया।

इस कार्यवाही में श्री पाती राम ने उच्च कोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

2. श्री हजारी,
ग्राम चन्द्र पुरा,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश।

18/19 अप्रैल, 1970 की रात्रि को एम० एल० बन्दूकों से लैस डाकुओं के एक गिरोह ने मध्य प्रदेश के चन्द्र पुर गांव पर अचानक हमला करके गांव वालों को स्तम्भित कर दिया। वे गांव के सभी हृष्ट पुष्ट व्यक्तियों को एक स्थान पर ले गये जहां एक डाकू भरी बन्दूक लेकर उनकी निगरानी करने लगा और शेष डाकुओं ने गांव वालों के घरों को लूटना शुरू कर दिया और जबरदस्ती स्त्रियों के गहने उतार लिए। अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए श्री हजारी उस डाकू पर टूट पड़े जो चौकीदारी कर रहा था। डाकू ने इन पर गोली चलाई लेकिन इन्होंने उस बन्दूक का मुहं एक ओर करके उसे छीन लिया। श्री हजारी की इस वीरता से प्रेरित होकर अन्य ग्रामीण भी जोश में आ गए और उन्होंने पास में खड़ी बैल गाड़ियों में से लकड़ी के डन्डे निकाल कर डाकुओं को मारना शुरू कर दिया। डाकुओं ने अन्धाधुन्ध गोली बरसानी शुरु की लेकिन ग्रामीणों ने दो डाकुओं को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बाद में उनकी हस्पताल में मृत्यु हो गई। इससे डाकू हतोत्साहित हो गए और अपने पीछे 2 एम० एल० बन्दूकें और लूटा हुआ सामान छोड़ कर सिर पर पांव रख कर भाग गए।

इस कार्यवाही में श्री हजारी ने उच्च स्तर की वीरता का परिचय दिया।

3. नं० 7995053 नायक मोहम्मद डार पायनियर को।

15 नवम्बर 1971 को नायक मोहम्मद डार सिलीगुड़ी से लखनऊ के लिए एक गाड़ी में यात्रा कर रहे थे। गाड़ी के सिलीगुड़ी रेलवे स्टेशन से छूटने के तुरन्त बाद उन्होंने एक दूसरे यात्री को संदिग्ध मुद्रा में बैठे हुए देखा, जो अपने हाथ को पीछे छिपाए हुए था। इससे नायक मोहम्मद डार के मन में संन्देह उत्पन्न हुआ और उन्होंने संदिग्ध व्यक्ति को तुरंन्त ही पीछे से पकड़ लिया और देखा कि वह हाथ में एक हथगोला लिए हुए था। अपने प्रांणों को गम्भीर खतरे में डालते हुए वे उस व्यक्ति से जूझ गए। दूसरे यात्रियों की सहायता से उन्होंने उस पर काबू पा लिया और उसे निहत्ता कर दिया उसके कब्जे से एक और हथगोला मिला जो कि उसने अपने सामान में बड़ी सावधानी से संभाल रखा था। किशनगंज रेलवे स्टेशन पर गाड़ी के पहुंचने तक नायक डार ने संदिग्ध व्यक्ति को पूरे काबू में रखा और स्टेशन पर पहुंचने पर उन्होंने उसे पुलिस अधिकारियों के हवाले कर दिया। अपने धैर्य और साहस पूर्ण कार्य से नायक मोहम्मद डार ने रेलवे डिब्बे में सवार सैनिकों सहित अन्य यात्रियों की जान को पैदा हुए खतरे को टाल दिया।

इस कार्य में नायक मोहम्मद डार ने बड़ी वीरता का प्रदर्शन किया ।

4. श्री श्रीकृष्ण किरार, (**मरणोपरांत**) ।
श्री प्रीतम किरार,
ग्राम सहसराम,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

सर्वश्री श्रीकृष्ण किरार और प्रीतम किरार ने डाकू नाथू सिंह के गिरोह के सम्बन्ध में गुप्तचरी करने और उनका पता ढूंढ निकालने मे पुलिस की सहायता करने के लिए अपनी सेवाएं प्रस्तुत कीं। इस गिरोह मे आधुनिक हथियारों से लैस भयंकर अपराधी थे जो निर्दयतापूर्वक हत्याएं करने के लिए कुख्यात थे। इन्होंने इस गिरोह का पता लगा लिया और 18/19 फरवरी, 1970 की रात्रि को पुलिस को गिरोह के बारे मे ठीक सूचना दी ये अपने लाइसेंन्स युक्त हथियारों सहित पुलिस दल के साथ गये। 19 फरवरी 1970 की प्रातः डाकुओं के साथ मुठभेड़ हुई । इस मुठभेड़ के दौरान अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए ये आगे बढ़े और डाकुओं की गतिविधि के बारे मे पुलिस को आवश्यक सूचना देते रहे। खेतों और नालों में डाकुओं को ढूंढ निकालने मे इन्होंने पुलिस की सहायता की । अन्ततः ये उन डाकुओं को खोज निकालने में सफल हो गये, जो कि भाग निकलने के विचार से छिपे हुए थे। मुठभेड़ मे डाकुओं के गिरोह के नेता छोटा नाथू सहित 9 डाकू मारे गए तथा एक स्वय भरने वाली अर्द्ध-स्वचलित, राइफ, एक स्टेनगन, पांच.303 राइफलें आदि चीजें हाथ लगीं। इसके अलावा एक डाकू जीवित पकड़ा गया था । बाद में श्री कृष्ण किरार कुछ बदमाशों द्वारा मार डाले गए।

सर्वश्री श्री कृष्ण किरार तथा प्रीतम किरार ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

सं० 37-प्रेज/73—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियो को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में वीरता के लिए 'वीर चक्र' प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. विंग कमांडर (अब ग्रुप कैप्टेन) मन मोहन सिंह (4023)
उड़ान (पायलट)

विंग कमांडर (अब ग्रुप कैप्टेन) मन मोहन सिंह को जनवरी, 1951 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्रदान किया गया था। दिसम्बर, 1971 के भारत-पाक संघर्ष के दौरान, वे पूर्वी क्षेत्र मे एक संक्रियात्मक लड़ाकू स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। उनके स्क्वाड्रन ने निकट सहायता और पोत परिवहन-रोधी कार्यों के लिए बंगला देश में कुल 110 उड़ानें भरी और वायुयानों को किसी प्रकार की हानि पहुंचे बिना, अपनी तमाम संक्रियात्मक जिम्मेदारियां पूरी कीं। उन्होंने स्वयं 19 उड़ानों का नेतृत्व किया और भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद शत्रु के मोर्चों, गन बोटों और जलयानों पर सफलतापूर्वक आक्रमण किए। जब मेघना नदी के पार हैलीकाप्टरों से सेना पहुंचाने की संक्रियाएं प्रारम्भ हुईं तो उनके स्क्वाड्रन ने इस कार्य की सफलता के लिए प्रभावी वायु-रक्षावरण प्रदान किया। इसके अतिरिक्त उनके स्क्वाड्रन ने अगरतला क्षेत्र में थलसेना को कुशलतापूर्वक निकट सहायता पहुंचाने का कार्य भी किया, हालांकि इसके लिए उन्हें अगरतला के छोटे से दौड़-पथ से उड़ना पड़ता था।

संक्रियाओं की पूरी अवधि के दौरान उन्होंने अनुकरणीय साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

2. स्क्वाड्रन लीडर (अब विंग कमांडर) धीरेन्द्र सिंह जाफा,
वी० एम० (4819),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 मे पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर धीरेन्द्र सिंह जाफा ने पश्चिमी क्षेत्र में एक लड़ाकू बम वर्षक स्क्वाड्रन में काम किया था। 4 दिसम्बर 1971 को जब शत्रु ने सुसैनीवाला क्षेत्र हमारी एक बटालियन को घेर लिया और वे टैंकों को बहुत करीब ले आये तो उन्होंने इस क्षेत्र में दो वायुयानों की एक टुकड़ी का नेतृत्व किया और 12 बार हमले किये । इन्होंने स्वयं शत्रु के सात टैंक और एक जीप नष्ट की । इस कार्यवाही से शत्रु के आक्रमण को बड़ा धक्का लगा और हमारे घिरे हुए सैनिक कम से कम हानि उठाते हुए, घेरे से निकलने में सफल हो गए। 5 दिसम्बर, 1971 को अह अमृतसर के पश्चिम में एक क्षेत्र से शत्रु हमारे ठिकानों पर लगातार गोलियां बरसा रहा था। शत्रु के तोप ठिकानों पर हमला करने के लिए उन्हें चार वायुयानों के सब सेक्शन लीडर के रूप में भेजा गया। नीचे जमीन से शत्रु की गनों से होने वाली भारी गोली वर्षा के बावजूद, इन्होंने सफल हमले किये और छटे हमले में इनका वायुयान जमीनी गोलीबारी का निशाना बन गया और बहुत कम ऊंचाई से इन्हें वह वायुयान छोड़ना पड़ा।

इस कार्यवाही में स्क्वाड्रन लीडर धीरेन्द्र सिंह जाफा ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

3. मेजर दीपक कुमार गांगुली (आई० सी०-18120)
महार रेजीमेंट (बोर्डर्स)

(**मरणोपरांत**)

मेजर दीपक कुमार गांगुली को लीपा घाटी में एक रक्षित इलाके में कुमुक पहुंचाने का आदेश मिला और वे शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद अपने जवानों को लेकर दिन दहाड़े वहां तक पहुंच गए। दुश्मन ने दो जोरदार हमले किये, लेकिन भारी जानी नुक्सान पहुंचा कर उसे पीछे धकेल दिया गया। कम्पनी की नफरी मे कमी आ जाने के बावजूद वे अपने जवानों को निरंतर लड़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। दुश्मन की भारी गोलाबारी के बावजूद अपनी जान की तनिक भी परवाह न करके अपने सभी मोर्चों तक गए। जब शत्रु ने बहुत भारी तादाद मे हमला किया तो इनकी कम्पनी मजबूरन पीछे हटकर अपनी चौकी पर आ गई। मशीनगन के चालकों में से एक जवान के घायल होने पर उसकी जगह इन्होंने सम्हाल ली और तब तक गोलाबारी करते रहे जब तक कि इनके सारे जवान पीछे न हट गए। यद्यपि घायल हो गये थे तथापि वे उस समय तक गोलीबारी करते रहे जब तक कि उनके

सारे जवान पीछे न हट गये। चौकी पर वे ही अन्तिम व्यक्ति थे जो मशीनगन से गोलीबारी करते हुए घातकरूप से घायल हो गये।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर दीपक कुमार गांगुली ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

4. कैप्टन हमीर सिंह (आई०-सी०-13935), ग्रेनेडियर्स।

13/14 1971 दिसम्बर की रात्री को कैप्टन हमीर सिंह पश्चिमी क्षेत्र में दारुचियां पर आक्रमण के दौरान ग्रेनेडियर्स की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इनकी कम्पनी को लक्ष्य के पश्चिमी छोर पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। ये अपनी कम्पनी को शत्रु के क्षेत्र में काफी दूर तक ले गए और निर्धारित लक्ष्य पर हमला बोल दिया। शत्रु हक्का-बक्का रह गया और उस जगह पर कब्जा कर लिया गया। लक्ष्य के कुछ और स्थानों पर कब्जा करने के उद्देश्य से ये अपने जवानों को लेकर आगे बढ़े लेकिन शत्रु के बंकरों तथा पिलबाक्सों से गोलीबारी शुरू हो गई। ये उससे जरा भी विचलित न हुए और आगे बढ़ते गए और लक्ष्य के कुछ और स्थानों पर कब्जा कर लिया। जब इनके सैनिक और आगे नहीं बढ़ सके तो इन्होंने उन्हें तत्काल आदेश दिया कि वे शत्रु के दिन में होने वाले हमले का मुकाबला करने के लिए तैयार रहें। शत्रु आशा के विपरीत पहले ही पहुंच गया और उसने जवाबी हमले शुरू कर दिये। लेकिन इन्होंने उन सभी हमलों को विफल कर दिया। बाजू और छाती में गोलियों के कई घाव लगने पर भी वे शान्त रहे और इन्होंने बड़े धैर्य से काम लिया और प्रतिकूल परिस्थितियों में तथा स्वचालित अस्त्रों और तोपों से की जा रही भारी गोलीबारी के बीच भी इन्होंने धैर्य से काम लिया। जब इनके जवानों की संख्या बड़ी तेजी से कम हो रही थी तो खतरनाक जगह बने पिल-बाक्स को नष्ट करने के लिए हवाई हमले की व्यवस्था की गई। जब वायुयान से पिल-बाक्स पर गोले बरसाए तो इन्होंने अपनी कम्पनी हैडक्वार्टर के सैनिकों तथा तोपखाना अग्रेप्रेक्षण अफसर दल के साथ शत्रु के बंकर पर हमला बोल दिया। घटती हुई संख्या शक्ति और शत्रु की भारी गोलीबारी के बावजूद भी इन्होंने अपने व्यक्तिगत साहस और लगन शीलता से अपने सैनिकों में अपने स्थान पर मजबूती से डटे रहने की भावना पैदा की।

इस कार्यवाही में कैप्टन हमीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

5. फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट अपरमजीत सिंह (7403), उड़ान (पायलट)।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अपरमजीत सिंह को जून, 1963 में भारतीय वायुसेना कमीशन में प्रदान किया गया। दिसम्बर, 1971 के भारत पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उन्होंने शत्रु क्षेत्र के बहुत भीतर तक मार्ग रक्षण और स्वीप मिशन की कुल 21 संक्रियात्मक उड़ानें भरीं। 8 दिसम्बर, 1971 को जब वे छम्ब क्षेत्र में नं० 2 के रूप में उड़ान भर रहे थे तो उनकी फार्मेशन को शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी का सामना करना पड़ा, जिसमें फार्मेशन के नेता का वायुयान मार गिराया गया। उनके अपने वायुयान पर गोले लगे और उसे भारी क्षति पहुंची। वायुयान के बायें डैने को क्षति पहुंचने और बहुत सी अन्य प्रणालियों के खराब हो जाने के कारण उनका वायुयान पर नियन्त्रण बिगड़ता जा रहा था, इसके बावजूद उन्होंने वायुयान को सुरक्षित रूप से हवाई अड्डे पर ले आने में अनुकरणीय और कौशल और साहस का परिचय दिया।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अपरमजीत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और व्यवसायिक कुशलता का परिचय दिया।

6. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मेलविन्द्र सिंह ग्रेवाल (7728), फ्लाइंग (पायलट)।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मेलविन्द्र सिंह ग्रेवाल पश्चिम क्षेत्र में एक लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन में सेवा कर रहे थे। 4 दिसम्बर 1971 को इन्हें शत्रु के हवाई अड्डे 'शोरकाट रोड' के ऊपर हमला करने वाले चार वायुयानों के एक मिशन के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था। इन्होंने भूमि पर खड़े एक वायुयान को नष्ट करके तथा बिल्डिंग को नुक्सान पहुंचा कर अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा किया। उसी दिन शाम को इन्होंने एक अन्य प्रहार मिशन पूरा किया। उसी हवाई अड्डे के ऊपर इन्होंने भारी विमान भेदी गोलाबारी के बावजूद हमला जारी रखा। लेकिन इस हमले के दौरान इनका वायुयान भूमि से होने वाली गोलीबारी का निशाना बन गया और नष्ट हो गया।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मेलविन्द्र सिंह ग्रेवाल ने उच्चकोटि की वीरता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

7. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट आदित्य विक्रम पेठिया (8384), फ्लाइंग (पायलट)।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट आदित्य विक्रम पेठिया ने पश्चिमी क्षेत्र में एक लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन में कार्य किया था। 5 दिसम्बर 1971 को शत्रु की बख्तरबन्द गाड़ियों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए इन्हें चिस्तियां मंडी के ऊपर सामरिक टोह लगाने का काम सौंपा गया था। इन्होंने ऊपर से देखा कि भावल नगर की ओर एक रेल गाड़ी जा रही है जिसमें 15 टैंक हैं। भूमि से शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने गाड़ी पर दो बार हमला किया और शत्रु की दो गाड़ियां नष्ट करदी। इन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना शत्रु की विमान भेदी तोपों को नष्ट करने के लिए एक और आक्रमण किया। लेकिन इस आक्रमण में इनका वायुयान शत्रु की गोली का निशाना बन गया और नष्ट हो गया।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट आदित्य विक्रम पेठिया ने उच्चकोटि की वीरता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. 1616 असिस्टेंट कमांडेंट नफे सिंह दलाल,
सीमा सुरक्षा दल।

(मरणोपरान्त)

असिस्टेंट कमांडेंट नफे सिंह दलाल पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान पर सीमा सुरक्षा दल की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। जब शत्रु ने इस इलाके में मोर्चे बनाने शुरू किए तो उन्हें एक गश्ती प्लाटून का नेतृत्व करने और हमारी सीमा में शत्रु को घुसने से रोकने का आदेश मिला। जब गश्ती दल का अग्रिम दस्ता शत्रु की पोजीशन से लगभग 50 गज फासले पर था तो उस पर स्वचालित और छोटे हथियारों से भारी गोलीबारी होने लगी। श्री दलाल ने हल्की मशीनगन खुद सम्भाल ली और वे आगे बढ़ कर शत्रु की उस मझौली मशीनगन पर गोलीबारी करने लगे, जिसकी गोलियां गश्ती दल पर सीधी पड़ रही थीं। उन्होंने शत्रु की मंझौली मशीनगन को खामोश कर दिया, लेकिन दूसरी दिशा से मझौली मशीनगन से गोलियों की एक बौछार इन पर पड़ी। वे गम्भीर रूप से घायल और लहुलुहान हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद वे तब तक अपनी हल्की मशीनगन से गोलीबारी करते रहे, जब तक उनके सभी जवान दूसरी पोजीशन पर पीछे न हट गए। किन्तु घावों की वजह से वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में असिस्टेंट कमांडेंट नफे सिंह दलाल ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

9. फ्लाइंग अफसर करियादिल चेरियान कुरुविल्ला (10862),
फ्लाइंग (पायलट)।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइंग अफसर करियादिल चेरियान कुरुविल्ला पश्चिमी क्षेत्र में एक लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन में कार्यरत थे। 4 दिसम्बर 1971 को इन्होंने चन्द्र हवाई अड्डे के ऊपर हवाई हमला किया और सफलतापूर्वक भूमि पर शत्रु के वायुयान तथा हवाई संस्थानों को क्षति पहुंचाई। 5 दिसम्बर 1971 को इन्होंने चेरितयान मंडी के ऊपर हवाई हमला करने के लिए उड़ान भरी और शत्रु की भारी विमान भेदी गोलाबारी के बावजूद एक रेलगाड़ी और उसके इंजन को भारी नुक्सान पहुंचाया। पुनः 6 दिसम्बर 1971 को इन्होंने डेरा बाबा नानक पर हवाई हमला करने के लिए उड़ान भरी और शत्रु के टैंकों के जमाव पर हमला किया। लेकिन लक्ष्य से दुबारा गुजरते समय इनका वायुयान शत्रु की विमान भेदी गोलियों का निशाना बन कर नष्ट हो गया।

आद्योपान्त फ्लाइंग अफसर करियादिल चेरियान कुरुविल्ला ने उच्चकोटि की वीरता तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

10. 3340727 नायब सूबेदार ज्ञान सिंह,
सिख रेजिमेंट।

(मरणोपरान्त)

नायब सूबेदार ज्ञान सिंह को अमृतसर क्षेत्र में युद्ध विराम रेखा के साथ-साथ टोह के लिए एक गश्ती दल में भेजा गया। गश्तीदल अभी युद्ध विराम रेखा से लगभग 50 गज दूर था कि शत्रु ने भारी स्वचालित और छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। अपनी जान की तनिक भी परवाह न करके वे तेजी से आगे बढ़े और एक बंध की आड़ में जाकर जवाब में गोली चलाने लगे। वे छुपे-छुपे लगातार अपनी पोजीशन बदलते रहे और तीन तरफ से शत्रु के होने के बावजूद इन्होंने सूझ-बूझ और साहस से काम लेकर शत्रु को लगातार उलझाए रखा। फलस्वरूप शत्रु ज्यादातर इन पर ही गोलीबारी करता रहा और जिससे गश्तीदल के बाकी जवानों को आड़ में आने और स्थिति से निपटने का अवसर मिल सका। इस शूरवीरतापूर्ण कार्यवाही में मझौली गन की गोलियों की एक बौछार इन पर पड़ी लेकिन वे शत्रु पर आखरी दम तक गोली चलाते रहे और बाद में घावों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार ज्ञान सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

11. सं० 3144100 हवलदार अमर सिंह,
जाट रेजिमेंट।

हवलदार अमर सिंह को आदेश दिया गया कि वे शत्रु के उस गश्तीदल से निपटने के लिए अपना एक गश्तीदल ले जाएं जो हमारी सीमा के भीतर जम्मू और काश्मीर क्षेत्र में एक अग्रिम रक्षित इलाके तक घुस आया था। अनेक कठिनाइयों के बावजूद इन्होंने अपने गश्तीदल का नेतृत्व किया और जब वे शत्रु के गश्ती दल से 150 गज के फासले पर थे तो उनपर हल्की मशीनगन और 2 इंची मार्टर से गोलीबारी की जिससे शत्रु के तीन जवान मारे गए। शत्रु ने भी इनके गश्तीदल पर मझौली मशीनगन और तोपखाने से गोलाबारी की। अपनी सीमा में घुस आए शत्रु को खदेड़ने के बाद बड़े साहस और धैर्य से इन्होंने अपने गश्ती दल को वहां से हटाया। यद्यपि उनके बाएं बाजू और बाईं टांग पर शत्रु की मझौली मशीनगन की गोलियों की एक बौछार पड़ी। तथापि अपने घावों की परवाह न करते हुए वे हिम्मत और जीदारी से अपने गश्तीदल का नेतृत्व करते रहे। बाद में पता चला कि उनके बाजू और टांग में गोलियों के 6 घाव थे।

इस कार्यवाही में हवलदार अमर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

12. 920765 सिपाही खड़क सिंह,
महार रेजिमेंट (बोर्डर्स)। (मरणोपरान्त)

सिपाही खड़क सिंह महार रेजिमेंट की एक बटालियन की उस अग्रिम प्लाटून में थे जो लीपा घाटी में शत्रु से लड़ रही थी। प्लाटून ज्यों ही करीब पहुंची, शत्रु ने भारी स्वचालित और छोटे हथियारों से गोलाबारी शुरू कर दी। अपनी जान की जरा भी परवाह न करके घायल होने के बावजूद वे रेंगते हुए आगे बढ़े और शत्रु के पास पहुंच कर उन्होंने बंकर में एक हथगोला उछाल दिया, जिससे शत्रु के बहुत से जवान हताहत हो गए। बुरी तरह से लहूलुहान होने के बावजूद वे दूसरे बंकर की तरफ बढ़े और जब वे उसमें हथगोला फैंक रहे थे तो शत्रु की स्वचालित हथियारों की गोलीबारी से घायल हो गये जिससे वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में सिपाही खड़क सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

सं० 38-प्रेज़/73—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को वीरता के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री बी० एस० गिल, कनिष्ठ अभियंता,
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग,
हवाई अड्डा,
अमृतसर।

श्री बी० एस० गिल अमृतसर हवाई अड्डे में राजसंसी की मरम्मत दल के प्रभारी अधिकारी थे। 3 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तानी वायु सेना के पूर्वक्रमिक आक्रमण के दौरान इन्होंने अपने आदमियों को सामान की सहायता से काम पर लगा कर हवाई अड्डे पर हुए पांच बड़े खड्डों को भरने का कार्य पूरा किया। ये एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा कर अपने आदमियों को तेजी से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। जब ये मरम्मत कार्य में जुटे हुए थे, तब शत्रु के एक बम वर्षक जहाज ने पुनः दौड़पथ पर छः बम गिरा दिए। हवाई हमले के दौरान श्री गिल ने अपने आदमियों को तितर-बितर कर दिया किन्तु उसके तत्काल बाद ही उन्हें एकत्रित कर उसी तेजी से पुनः कार्य चालू कर दिया। 3 दिसम्बर, 1971 को शत्रु के हवाई आक्रमण में ही नहीं, बल्कि हर बार जब भी शत्रु के हवाई हमले से दौड़-पथ क्षतिग्रस्त होता था ये अपने प्रेरणादायक नेतृत्व तथा साहस से मरम्मत कार्य बहुत कम समय में ही पूरा करवा लेते थे।

आद्योपान्त श्री बी० एस० गिल ने धीरता एवं दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

2. श्री श्री किशन शर्मा, ड्राइवर उत्तरीय रेलवे,
जोधपुर।

श्री श्री किशन शर्मा उत्तरीय रेलवे के जोधपुर डिवीजन में एक लोकोमोटिव ड्राइवर थे। जैसे ही भारतीय सेना की बढ़ती हुई यूनिटों ने शत्रु के प्रदेश में खोखरापार रेलवे स्टेशन पर कब्जा किया, वैसे ही आगे बढ़ती हुई सेनाओं के लिए और आगे रेल संचार व्यवस्था की गई। ये उस रेल गाड़ी के प्रथम ड्राइवर थे जो जवानों के लिए महत्वपूर्ण सामग्री ले जा रही थी। जब रेल खोखरापार में शंटिंग कर रही थी तब वहां पर शत्रु अपने वायुयान से बार-बार बमबारी एवं गोलीबारी कर रहा था जिससे काफी रेल डिब्बे नष्ट हो रहे थे। ये बड़ी निर्भीकता से अपनी ड्यूटी करते रहे और उन डिब्बों को सुरक्षित स्थानों में ले जाने में सफल हो गए। उन्होंने अपनी गाड़ी को वापस मुनाबाओं ले जाने से पूर्व पानी के टैंकों तथा महत्वपूर्ण सामग्री से भरे रेल डिब्बों को यथा स्थान पहुंचाया।

इस कार्यवाही में श्री श्री किशन शर्मा ने साहस तथा उच्च-कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. श्री रूप चन्द, स्थायी पथ निरीक्षक,
उत्तरीय रेलवे,
जोधपुर डिवीजन

श्री रूप चन्द उत्तरीय रेलवे के जोधपुर डिवीजन में एक स्थायी पथ निरीक्षक थे। खोखरापार स्टेशन पर कब्जा होते ही रेलवे के जोधपुर डिवीजन को यह आदेश दिया गया कि आगे बढ़ती हुई सेनाओं के लिए लगभग 11 मील दूर शत्रु प्रदेश में तुरन्त रेल लाईन बिछाई जाय। श्री रूप चन्द ने अपने दल के साथ इस चुनौती पूर्ण कार्य को हाथ में लिया तथा बार-बार हवाई आक्रमणों के होते हुए भी उस कार्य को बहुत ही कम अवधि में पूरा कर दिखाया।

इस कार्यवाही में श्री रूप चन्द ने साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. श्री ओ० पी० चोपड़ा, सहायक अभियंता,
उत्तरीय रेलवे,
जोधपुर।

श्री ओ० पी० चोपड़ा, जोधपुर तथा मुनाबाओं के बीच की रेल-लाईन के एक भाग के प्रभारी सहायक अभियंता थे। 1971 में पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान इस लाईन पर भारी संख्या में विशेष सैनिक रेल गाड़ियां चलाई गई थीं। इन्होंने शत्रु के बार-बार होने वाले हवाई हमलों तथा भारी क्षति के बावजूद रेल-लाईन को सही हालत में रखा। खोखरापार स्टेशन पर कब्जा होने के उपरान्त, इनके डिवीजन को शत्रु के प्रदेश में आगे बढ़ती हुई सेना के लिए बड़ी तेजी से रेल संचार व्यवस्था बनाने का काम दिया गया यद्यपि पीछे हटती हुई शत्रु सेना ने रेलवे लाईन तथा पुल पूर्णतः नष्ट कर दिए थे और उसके हवाई हमले बराबर होते जा रहे थे लेकिन इनकी देख-रेख में रेल संचार व्यवस्था बहुत ही कम समय में तैयार हो गई।

आद्योपान्त श्री ओ० पी० चोपड़ा ने साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. श्री जोगेश चन्द्र दास।

श्री जोगेश चन्द्र दास 1971 में भारत-पाक संघर्ष के दौरा मेघालय के गारो पहाड़ी नामक जिले में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के समीप कार्य कर रहे थे।

जब मैमन सिंह जिले में कमालपुर के पूरी तरह रक्षित शत्रु चौकी पर अधिकार करने के सारे प्रयत्न विफल हो गए तो श्री दास, ने बड़ा जोखिम उठा कर बूबी ट्रैप्स, पंजीज सुरंग क्षेत्रों तथा खाइयों की सही दिशा दिखाने वाले नक्शे तैयार किए। इसके बाद जब कमालपुर चौकी का घेरा डाला गया तो शत्रु और अधिक कुमुक लेकर उस ओर आ बढ़ा और उसने भारतीय अग्रिम चौकी से आधा किलोमीटर दक्षिण में स्थित गोपालपुर के एक नाले में जाकर पोजीशन ली। इस बात का संकेत पाकर श्री दास ने जोखिम उठा कर बड़ी शीघ्रता से सही स्थिति का पता लगाया और शत्रु द्वारा की जा रही भारी गोलाबारी की तनिक भी परवाह न करते हुए, ये भारतीय चौकी की ओर भागे और चौकी के कम्पनी कमाण्डर को सही स्थिति की सूचना दी हमारे सैनिकों ने तत्काल उस क्षेत्र में तोपखानों से भरी गोला बारी की और शत्रु की ओर से आकस्मिक रूप से होने वाले आक्रमण को नाकाम किया। बाद में होने वाली कार्यवाही में शत्रु के 18 सैनिक मारे गए तथा शेष भाग गये।

इस प्रकार श्री जोगेश चन्द्र दास ने शत्रु की इस चौकी पर अन्ततः अधिकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

6. श्री चिरोंजी
श्री जालिम
श्री मुकुन्दी
श्री बदरी
श्री बलवन्त
} ग्राम चन्द्रपुर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश।

18/19 अप्रैल 1970 की रात्रि को एम० एल० बन्दूकों से लैस डाकुओं के एक गिरोह ने चन्द्रपुर गांव पर अचानक आक्रमण करके ग्रामीणों को स्तम्भित कर दिया और वे गांव के सभी हृष्ट-पुष्ट व्यक्तियों को एक स्थान पर ले गए, जहां पर एक डाकू भरी हुई बन्दूक लेकर उन पर निगरानी करने लगा और शेष डाकुओं ने सर्वश्री हजारी, जालिम, बदरी और राम स्वरूप के घरों को लूटना शुरू कर दिया और जबरदस्ती स्त्रियों के गहने उतारने शुरू कर दिये। इस बात को समझते हुए भी कि डाकुओं के पास बन्दूकें होने के कारण वे भारी पड़ेंगे, श्री हजारी अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए इस डाकू पर झपट पड़े और उसे दबोच लिया। डाकू ने अपनी बन्दूक से उस पर गोली चलायी लेकिन श्री हजारी ने बन्दूक का मुंह एक ओर कर दिया और उसे छीन लिया। इससे अन्य ग्रामीण सर्वश्री चिरोंजी, जालिम, मुकुन्दी, बदरी और बलवन्त में भी जोश आ गया। इन्होंने पास में खड़ी बैल गाड़ियों में से लकड़ी के डंडे निकाल कर डाकुओं पर हमला करना शुरू कर दिया। डाकुओं ने अन्धाधुंध गोली बरसानी शुरू कर दी लेकिन भाग्यवश ये ग्रामीण दो डाकुओं को बुरी तरह घायल करने में सफल हो गए जिनकी बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गयी। इस साहसपूर्ण कार्यवाही से डाकू हतोत्साहित हो गए और अपने पीछे दो एम० एल० बन्दूकें और लूटा हुआ माल छोड़कर सिर पर पांव रख कर भाग गए।

इस कार्यवाही में सर्वश्री चिरोंजी, जालिम, मुकुन्दी, बदरी और बलवन्त ने साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

11. 9204775 लांस नायक क्लंदर सिंह
महार रेजिमेंट।

लांस नायक क्लंदर सिंह एक गश्ती दल में थे जिसे 11 सितम्बर, 1972 को नागालैंड में एक विद्रोही कैम्प पर धावा बोलने के लिये भेजा गया था। जब यह दल कैम्प के समीप पहुंच रहा था और लांस नायक क्लंदर सिंह अभी झोपड़ियों से 50 गज की दूरी पर ही थे कि अचानक चार विरोधी बाहर निकल आए और उन्होंने उन पर गोली चला दी। भाग्यवश इनपर गोली नहीं लगी इन्होंने तुरन्त जवाबी गोली चलाई और उस विरोधी को, जिसने यह गोली चलाई थी, मार गिराया। इतने में इनकी कारबाइन खराब हो गई। इन्होंने तुरन्त अपने हथियार को छोड़ कर मृतक विरोधी की राईफल उठा ली और भागते हुए अन्य विरोधियों पर फायर कर एक और उपद्रवी को मार गिराया। दो अन्य विरोधी घायल हो गए थे जो अपने हथियार छोड़ कर जंगल में ओझल हो गए।

इस कार्यवाही में लांस नायक क्लंदर सिंह ने उच्चकोटि के साहस तथा दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

12. श्री दिलीप कुमार देव,
ग्राम जोयनगर, पुलिस स्टेशन कोतवाली,
अगरतला।

श्री दिलीप कुमार देव ने बंगलादेश के भीतर अनेकोंबार जाकर शत्रु सेना की तैयारियों तथा उसकी स्थितियों के सम्बन्ध में उपयोगी सूचना दी थी। उनका कार्य कठिन और जोखिमपूर्ण था, विशेषतया तब जब कि शत्रु सेना तनिक सन्देह पड़ने पर ही असैनिकों की हत्या कर देती थी। इनकी सबसे अधिक उल्लेखनीय उपलब्धि यह थी कि ये एक हवाई अड्डे के साथ-साथ उसकी सारी रक्षा व्यवस्था प्रतिष्ठानों का खाका बनाकर लाए। इन्होंने ढाका तथा उसके आसपास शत्रु के ठिकानों के पूरे ब्यौरे उपलब्ध किए, जो बंगलादेश में संक्रियात्मक कार्यवाहियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हुए।

आद्योपान्त श्री दिलीप कुमार देव ने उच्चकोटि का साहस और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

13. श्री प्रफुल्ल रंजन सेन गुप्त, मैनेजर,
सिमना टी गार्डन,
त्रिपुरा।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान श्री प्रफुल्ल रंजन सेन गुप्त ने टी गार्डन में अपने मजदूरों के द्वारा सीमा सुरक्षा दल को शत्रु के सम्बन्ध में बहुत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में और संक्रियाओं की योजना बनाने में काफी सहायता दी। इससे शत्रु के सैनिकों और रजाकारों द्वारा पीछे भागते समय छोड़े गए क्षेत्रों का सफाया करने में मदद मिली और परिणाम स्वरूप कई रजाकारों को बन्दी बनाया गया एवं कई राइफल हाथ लगीं। पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा भारी गोलाबारी होने के बावजूद श्री सेन गुप्त अपने स्थान पर डटे रहे और वहां के लोगों को भी अपने स्थानों जमे पर रहने के लिए उत्साहित करते रहे।

आद्योपान्त श्री प्रफुल्ल रंजन सेन गुप्त ने अद्वितीय साहस और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

14. श्री धीरेन्द्र सेन गुप्ता, सोनापुरा नगर,
त्रिपुरा।

श्री धीरेन्द्र सेन गुप्ता, सोनापुरा नगर के नागरिक सुरक्षा समिति के सदस्य थे और उनका अपना एक औषधालय भी था। अनेकों बार इस नगर पर शत्रु ने बमबारी की। उन्होंने नगर में जगह-जगह जा कर लोगों को इस खतरे का साहस के साथ मुकाबला करने के लिए प्रोत्साहित किया। जबकि तमाम बाजार वीरान था इन्होंने अपने औषधालय को उस समय भी खोले रखा ताकि लोग औषधियां ले सकें तथा बमबारी के दौरान घायलों का प्रथमोपचार किया जा सके।

इस प्रकार श्री धीरेन्द्र सेन गुप्ता ने साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. श्री सुनील बरन डे,
सोनामुरा नगर
त्रिपुरा।

पाकिस्तानी सेनाओं के द्वारा लगातार गोलाबारी के कारण जब सोनामुरा नगर प्रायः सूना पड़ गया तो श्री सुनील बरन डे ने नगर में एक रक्षा दल बनाया और रातभर नगर में नियमित रूप से गश्त लगाते रहे और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की देख-रेख करते रहे ताकि शत्रु कोई तोड़-फोड़ की कार्यवाही न कर सके।

इस प्रकार श्री सुनील बरन डे ने साहस, पहल शक्ति तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

16. श्री सदानन्द गुहा,
सोनामुरा नगर, त्रिपुरा।

शत्रु द्वारा सोमामुरा नगर पर रुक-रुक कर गोलाबारी के दौरान, जब अधिकांश लोग अपने घरों को छोड़ कर दूसरे स्थानों पर चले गए थे तो श्री सदानन्द गुहा ने स्वयंसेवकों के एक छोटे से दल के साथ नगर में गश्त लगाई तथा तोड़-फोड़ करने वाले पाकिस्तानियों से लोगों की धन-सम्पत्ति की रक्षा की।

इस प्रकार श्री सदानन्द गुहा ने साहस तथा उच्चकोटि की पहल शक्ति का परिचय दिया।

17. श्री रमेश मजूमदार, ग्राम देवीपुर,
त्रिपुरा।

17 अक्टूबर 1971 को रायफलों से लैस चार रजाकार हरीपुर गांव में घुस आए। उन्होंने अपने आपको स्वतंत्रता सेनानी बताकर ग्रामीणों से सहायता मांगी। श्री रमेश मजूमदार ने यह भांप लिया कि तोड़-फोड़ करने वाले हैं। यद्यपि रजाकार सशस्त्र थे फिर भी श्री मजूमदार ने उन्हें तत्काल पकड़ने का प्रयास किया तथा साथ ही सहायता के लिए शोर मचाया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा मदद के लिए किसी भी व्यक्ति के न आने पर भी इन्होंने एक रजाकार को पकड़ लिया। यद्यपि हाथापाई के दौरान इन्हें गंभीर घाव आए फिर भी ये रजाकारों को खदेड़ने में सफल हो गए, जो कि अपने पीछे राइफलें छोड़ गए और इस प्रकार इन्होंने उस क्षेत्र में कोई दुर्घटना नहीं होने दी।

इस कार्यवाही में श्री रमेश मजूमदार ने उच्चकोटि के साहस का परिचय दिया।

18. श्री जदुनन्दन दत्ता,
सैक्रेट्री, बेलोनिया बार एसोशिएसन,
त्रिपुरा।

जब सीमावर्ती नगर बेलोनिया पर पाकिस्तानी सेना रुक-रुक कर गोलाबारी कर रही थी तब यह आवश्यक हो गया था कि जनता को नागरिक सुरक्षा के उपाय अपनाने के लिए तैयार किया जाये और उनका हौसला ऊंचा बनाए रखा जाये। इस कठिन कार्य को पूरा करने के लिए श्री जदुनन्दन दत्ता आगे आए। नगर पर मार्टर तथा तोपखानों की गोलाबारी के बावजूद ये घर-घर गये तथा समुचित पूर्वीपायों के लिए लोगों को तैयार किया।

आद्योपान्त श्री जदुनन्दन दत्ता ने उच्च कोटि के साहस तथा पहल शक्ति का परिचय दिया।

19. डा० रविन्द्र नाथ चौधरी,
मेडिकल अफसर इन्चार्ज, प्राइमरी हैल्थ सैन्टर,
हरिश्यामुख (बेलोनिया),
त्रिपुरा।

डा० रविन्द्र नाथ चौधरी प्रारम्भिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरिश्यामुख (बेलोनिया) के मेडिकल अफसर-इन-चार्ज, थे, जो सीमा से केवल 80 गज़ दूर था। इस क्षेत्र पर पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा भारी गोले बरसाये जा रहे थे। एक बार जब ये किरचों से बुरी तरह घायल तीन व्यक्तियों की शल्य-चिकित्सा कर रहे थे, तो शत्रु ने गोले बरसाना शुरू कर दिया और गोले प्राइमरी हैल्थ सैन्टर के बिल्कुल पास गिर रहे थे। अविचिलित उन्होंने उसकी शल्यचिकित्सा की और तीनों घायलों के प्राणों की रक्षा करने में सफल हुए। एक और बार सैन्टर पर गोलीबारी होते हुए भी इन्होंने पुनः एक और व्यक्ति के गोली के घावों का आपरेशन किया।

इस प्रकार डा० रविन्द्र नाथ चौधरी ने उच्च कोटि के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

20. डा० प्रेम सागर गर्ग,
सीनियर मैडिकल अफसर,
फाजिल्का।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान डा० प्रेम सागर गर्ग ने युद्ध में हताहत उन लोगों की जिनका तत्काल इलाज करना आवश्यक था, देखभाल करने के लिए आर्मी मेडिकल तथा सर्जिकल टीम को अपनी सेवाएं अर्पित कीं। इन्होंने आर्मी सर्जन के साथ दिन-रात काम किया और कठिन तथा युद्ध कालीन स्थितियों के दौरान युद्धहताहतों का इलाज किया। सैनिक चिकित्सकों के लिये ये प्रेरणा के स्रोत रहे।

इस प्रकार डा० प्रेम सागर गर्ग ने अद्वितीय साहस और और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

21. श्री चलिल पुथियापुरायिल नारायणन
असिस्टैंट आर्मामैन्ट सप्लाई, अफसर

श्री चलिल मुथियापुरायिल नारायणन, असिस्टैंट आर्मामैन्ट सप्लाई अफसर को जनवरी 1972 में बंगलादेश के चिटगांव तथा कोक्स बाजार क्षेत्रों में नौसेना के दस बिना फटे बमों को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया था। इस अत्यन्त जोखिमपूर्ण कार्य को इन्होंने बड़ी खुशी से अपने हाथ में लिया। अपने उच्च कोटि के व्यावसायिक ज्ञान तथा साथ में बम निपटान दल की सहायता से इन्होंने एक बम जो चिटगांव के रेलवे मुख्यालय भवन के ऊपर गिरा था

को छोड़ कर शेष सभी बमों का फ्यूज निकाल कर उन्हें निरापद कर दिया । इस बम की टेल अलग हो गई थी । अतः उसका फ्यूज नहीं निकाला जा सका था । उसे नष्ट करने का एक तरीका तो यह था कि उसे उसी स्थान पर विस्फोटित कर दिया जाये लेकिन ऐसा करने से रेलवे मुख्यालय तथा उसके आसपास के अनेकों भवन नष्ट हो सकते थे अथवा दूसरा तरीका यह था कि उसे वहां से उठा कर अन्यत्र खुले में स्थान में ले जा कर नष्ट किया जाये लेकिन ऐसा करना बम निपटान दल के लिए बड़ा जोखिमपूर्ण था । श्री नारायणन ने जान हथेली में लेकर बम को वहां से हटाने का निर्णय किया तथा सफलता पूर्वक उस कार्य को पूरा कर दिया।

इस कार्यवाही में श्री चलिल पुथियापुरायिल नारायणन ने उच्च कोटि के नेतृत्व और साहस का परिचय दिया।

22. श्री एन० रंगाचारी, प्रोफेशनल असिस्टेंट,
प्रोफेशनल अस्टिेंट,
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग,
भुज ।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान श्री एन० रंगाचारी भुज में स्थित मौसम विज्ञान कार्यालय में सेवारत थे । शत्रु ने अनेकों बार भुज में स्थित हवाई पत्तन पर गोलाबारी की किन्तु उन्होंने शत्रु की इस कार्यवाही के होते हुए भी मौसम विज्ञान कार्यालय को चालू रखा । ये लगातार अपने कर्मचारियों के साथ रहे तथा इन्होंने स्थानीय वायुसेना स्टेशन और अन्य सिविलियन विभागों के विभागाध्यक्षों के बराबर सम्पर्क बनाये रखा । मौसम विज्ञान विभाग के कर्मचारियों के लिए ये प्रेरणा का स्रोत बने रहे ।

इस प्रकार श्री एन० रंगाचारी ने उच्च कोटि के साहस तथा कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

23. श्री गंडा सिंह गिल,
वरिष्ठ पत्तन अधिकारी,
अमृतसर ।

दिसम्बर 1971 मे पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान श्री गंडा सिंह गिल, अमृतसर के सिविल हवाई अड्डे के वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी थे । अमृतसर हवाई पत्तन पर दिन तथा रात्रि मे पाकिस्तानी सवायुसेना ने लगातार हमले किये। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना तथा अपने ज्येष्ठ पुत्र, जो एक सैनिक अधिकारी थे, की मृत्यु के कारण शोक संतप्त होने पर भी ये उस हवाई पत्तन पर बने रहे और अमृतसर हवाई अड्डे को भारतीय वायुसेना के उपयोग के लिए खुला रखा ।

इस प्रकार श्री गंडा सिह गिल ने इस उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता और साहस का परिचय दिया ।

24. श्री मिहिर कुमार सेनगुप्ता,
हवाई अड्डा अधिकारी,
अगरतला, त्रिपुरा ।

श्री मिहिर कुमार सेनगुप्ता, सिविल हवाई अड्डे अगरतला के प्रभारी अधिकारी थे । 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष के दौरान इन्होंने हवाई अड्डे के निकट बसने वाले शरणार्थियों की ही देख-भाल नहीं की अपितु अपनी प्रशासनिक योग्यता से हवाई अड्डे के निवासियों को भी आतंकित नहीं होने दिया । सीमा पार से शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद श्री सेनगुप्ता ने घर-घर जाकर वहां के निवासियों में आत्मविश्वास पैदा किया । अपने साहस तथा कर्तव्यपरायणता के कारण इन्होंने लोगों को अगरतला तथा भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित अन्य हवाई अड्डे खाली करने से रोका और अगरतला हवाई अड्डे को चालू रखा तथा अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी उसे भारतीय वायुसेना के प्रयोग के लिए दिन-रात उपलब्ध कराया ।

इस प्रकार श्री मिहिर कुमार सेनगुप्ता ने साहस तथा उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

25. श्री कैलाश चन्द्र महाजन,
सब-डिवीजनल मैजिस्ट्रेट,
फाजिल्का (पंजाब) ।

3 दिसम्बर 1971 को फाजिल्का सैक्टर पर शत्रु ने आक्रमण किया तथा पूरे नगर पर बमबारी की । जनता एक दम सड़कों पर आ गई तथा नगर छोड़कर भागने लगी । फौरन श्री कैलाश चन्द्र महाजन ने निकासी योजना के के अनुसार लोगों को मलोत रोड पर सुव्यवस्थित ढंग से भेजने की व्यवस्था की । वे स्वयं नगर के चारों ओर चक्कर लगाते रहे और लोगों से शान्त रहने के लिए अनुरोध करते रहे और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना निकासी कार्य पर निगरानी रखते रहे । सबुधाना डिस्ट्री-ब्यूटरी के एक भाग पर जो फाजिल्का सैक्टर में एक प्रमुख रक्षा पंक्ति पर था, कब्जा कर लेने से शत्रु ने 3 दिसम्बर 1971 की रात्रि को एक पुल पर अपना कब्जा कर लिया । 4 दिसम्बर, 1971 को श्री महाजन ने 1.5 करोड़ रुपये की नकद धन राशि के साथ स्टेट बैंक को और सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को वहां से निकालने की व्यवस्था की । उसी शाम को शत्रु के भारी आक्रमण की आशंका से इन्होंने शेष सब सरकारी कर्मचारियों को नगर पुलिस स्टेशन में एकत्रित किया तथा संक्रिया के प्रभारी ब्रिगेडियर से परामर्श किया । जिसने उनसे यह अनुरोध किया कि फाजिल्का में नागरिक प्रशासन बनाये रखा जाये क्योंकि उन्हें टेलिफोन, पुलिस, बिजली तथा जलपूर्ति सम्बन्धी सुविधायें बनाये रखने की आवश्यकता थी । यद्यपि तनाव बढ़ रहा था, फिर भी श्री महाजन फाजिल्का में बराबर बने रहे और सेनाओं में आत्मविश्वास बनाए रखा ।

4 दिसम्बर, 1971 को सायं 8 बजे भारतीय सेना को यह समाचार मिला कि शत्रु के टैंक बादा ग्राम तक आ पहुंचे हैं और फाजिल्का नगर को घेरने के लिए मलोत रोड पर आ गए हैं । इस संकट काल में श्री महाजन ने स्थिति को काबू में करके नगर की सभी आवश्यक सेवाओं को सुचारू रखा । उन्होंने सैनिक प्राधिकारियों को उनकी

जरूरत की चीजें उपलब्ध कराने में उनकी हर सम्भव सहायता की । सैनिक प्राधिकारियों को रेत के बोरों, अन्य रक्षा सामान तथा अग्रिम क्षेत्रों में गोलाबारूद पहुंचाने के लिये ट्रकों की बहुत अधिक आवश्यकता थी। श्री महाजन ने यह सब सामान स्वयं जुटाकर उनकी जरूरतें पूरी की ।

आद्योपान्त श्री कैलाश चन्द्र महाजन ने साहस, दृढ़ संकल्प तथा उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

26. जे० सी०, नम्बर अभी नही मिला, नायब सूबेदार शिंगाड़ा सिंह, इंजीनियरी (रेडियो आपरेटर) ।

17 दिसम्बर 1971 को वायुसेना के एक अग्रिम अड्डे पर यह सूचना मिली कि शत्रु ने भटिंडा के रेलवे स्टेशन और उसके आस-पास के गांवों पर बमबारी की है, जिससे सिविल जान-माल का भारी नुकसान हुआ है । यह भी खबर मिली कि बहुत से बम ऐसे भी हैं, जो अभी फटे नहीं हैं। नायब सूबेदार शिंगाड़ा सिंह अपने साथियों के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंच गये और उन्होंने उस इलाके की पूरी छान-बीन करके, सतह बिना फटे बमों का पता लगाया । यद्यपि इन्हें यह अच्छी तरह पता था कि इन बमों में देर से फटने वाले फ्यूज लगे हैं, फिर भी, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे फ्यूज निकालने के काम में जुट गये । अभी वे अपने साथियों के साथ भोजन के लिए मुड़े ही थे कि एक बम फट गया और बाद में दो बम ऐसे भी पाए गये, जिनके फ्यूज के कलपुर्जे चालू हो चुके थे । इसकी परवाह न करते हुए उन्होंने 96 घंटों में ही सभी बमों के फ्यूज निकाल दिये और इस प्रकार उन्होंने स्थानीय लोगों में भी आत्म-विश्वास भर दिया ।

इस कार्रवाई में, नायब सूबेदार शिंगाड़ा सिंह ने उच्च कोटि के साहस और नेतृत्व का परिचय दिया ।

27. 235583 कार्पोरल गुरदीप सिंह देओल, ब्लैक स्मिथ और वेल्डर (1) ।

15 अप्रैल, 1971 को वायुसेना के एक अग्रिम अड्डे के विसर्जन क्षेत्र में भयंकर आग लग गई । साइरन सुन कर कार्पोरल गुरदीप सिंह देओल, जो उस समय अड्डे से काफी दूर थे, मोटर साइकिल से घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचे। उन्होंने देखा कि आग विस्फोट-सहबाड़े की ओर तेजी से बढ़ रही है जिससे वायुयान के लिए खतरा पैदा हो गया है अत: उन्होंने वायुयान को बाहर निकालने का फैसला किया। उन्हें एक ट्रैक्टर दिखाई दिया, लेकिन उस समय उसकी प्रज्वलन-चाभी नही मिल सकती थी; अत: उन्होंने ट्रैक्टर को अपनी सूझबूझ से ही चालू किया । अभी, कार्पोरल देओल आग के सबसे पास वाले वायुयान को ट्रैक्टर से जोड़ भी नहीं पाये थे कि विस्फोट-सह बाड़ा चारों ओर से आग की लपटों से घिर गया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने वायुयान को बाहर खींच लिया, और इस प्रकार उसको नष्ट होने से बचा लिया । उन्होंने इसी प्रकार चार और वायुयानों को विस्फोट-सह बाड़ों से बाहर निकाला । इस संक्रिया के दौरान, वे घायल भी हो गये, किन्तु उन्होंने अपनी चोटों की तब तक मरहम-पट्टी नहीं कराई, जब तक कि सभी वायुयानों को सुरक्षित स्थान पर नहीं ले गये ।

इस कार्रवाई के दौरान, कार्पोरल गुरदीप सिंह देओल ने उच्च कोटि के साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।

28. जी०/26335 डी० एम० ई० श्री भाग सिंह, सामान्य आरक्षण इंजीनियरी दल।

